आज का सुविचार

सर उठाकर फक्र से
चलने की हसरत हो
अगर तो सीखिये
गर्दन कहाँ कितनी
झुकानी चाहिए

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS FREEDOM OF SPEECH

जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 26 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 2 अगस्त 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये


## झूठ बोलकर ट्रांसफर करवाना या रुकवाना किस कानून के अंतर्गत दंडनीय अपराध होता है जानिए/legal advice....

किसी भी व्यक्ति का ट्रांसफर या तो उसकी बीमारी देखकर किया जा सकता है या रुकवाया जा सकता है या कोई अपवादात्मक रूप से कोई स्थिति उत्पन्न हो रही हो। लेकिन अगर कोई शासकीय सेवक होते हुए गलत जानकारी देकर या किन्ही तथ्यों को तोड़ मोड़ कर अपना ट्रांसफर करता है या रुकवता हैं तब उसके खिलाफ क्या कानूनी कार्यवाही होगी जानिए।




युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665


**मध्यप्रदेश विनिर्दिष्ट भ्रष्ट आचरण अधिनियम, 1982 की धारा 35 की परिभाषा:** जो कोई व्यक्ति राज्य की या लोक उपक्रम की सेवा में होते हुए अपवादात्मक रूप से कठिन और आपसी मामलों को छोड़कर अर्थात गंभीर बीमारी को छोड़कर अपना ट्रांसफर करवाता है या अपना ट्रांसफर करवाता है या जोड़ तोड़(साठगांठ) द्वारा पदस्थापना या पदोंन्नति करवाएगा तब वह व्यक्ति अधिनियम की धारा 35 के अंतर्गत दोषी होगा।

Madhya Pradesh Specified Corrupt Practices Prevention Act,1982 Section 35 punishment?

यह अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध हैं लेकिन अधिकारी पर मामला दर्ज करने से पहले सक्षम उच्च अधिकारी या समुचित सरकार से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है,इनकी सुनवाते किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है। सजा इस अपराध के लिए अधिकतम छः माह का कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

## बहनों के सशक्तिकरण के लिए सरकार कृत-संकल्पित है: मुख्यमंत्री डॉ. यादव


●बरगवा में बनेगा 50 बिस्तरीय अस्पताल ●चितरंगी के प्रत्येक मजरे-टोले का होगा विद्युतीकरण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रक्षाबंधन एवं श्रावण उत्सव के अवसर पर सिंगरौली जिले के चितरंगी में लाड़ली बहनों के लिए आभार सह-उपहार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बहनों के सशक्तिकरण के लिए सरकार कृत-संकल्पित है।

प्रदेश की बहनों से जो अपार स्नेह

- **मुख्यमंत्री लाड़ली बहनों को देंगे रक्षाबंधन का उपहार**
- **सिंगरौली में शीघ्र शुरू होगा माईनिंग कालेज**

मिला है उसके लिए सदा आभारी रहूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन का महिना त्यौहारों की सौगात लेकर आता है जिसमें रक्षाबंधन का त्यौहार बहनों का सबसे बड़ा त्यौहार है। बहनों के त्यौहार में खुशियों का रंग भरने के लिए 10 अगस्त को लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रूपये के अतिरिक्त 250 रूपये भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के



विकास के लिए विभिन्न प्रकार के उद्योगो की स्थापना की जा रही है। उद्योग रोजगार आधारित होंगे तथा उनमें बहनों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उज्वला योजना से बहनों के लिये निःशुल्क गैस कनेक्शन की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में उज्वला कनेक्शन के हितग्राहियों तथा लाड़ली बहनों को 450 रूपये में गैस रिफिल की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह सहित बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने स्नेह के साथ जमीन पर बैठकर बहनों से राखी बंधवाई। सिंगरौली जिले की लाड़ली बहनों की ओर से 101 फिट लंबी राखी लाडले भैया डॉ. यादव को बांधी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंगरौली जिला प्रदेश का दूरस्थ जिला है लेकिन यह विकास के पथ पर सबसे अग्रणी रहेगा। मुख्यमंत्री ने बरगवा में 15 करोड़ रुपये की लागत से 50 बिस्तरीय अस्पताल बनाने की घोषणा की। उन्होंने सीएसआर मद से 50 करोड़ रूपये के लागत से चितरंगी के सभी मझरे टोलो में विद्युतीकरण की घोषणा की। साथ ही सिंगरौली से सप्ताह में तीन दिवस हवाई यात्रा की सुविधा देने की घोषणा की। उन्होने कहा कि गरीब से गरीब व्यक्ति को एयर एम्बुलेंस की सुविधा मिलेगी। हमारे लिए लोगों की जीवन सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।

**सिंगरौली से सप्ताह में तीन दिन रहेगी हवाई यात्रा की सुविधा**

कलेक्टर एवं चिकित्सकों की अनुशंसा पर आयुष्मान कार्ड धारकों को यह सुविधा निःशुल्क मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगरौली में माईनिंग महाविद्यालय का शुभारंभ शीघ्र किया जायेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने चितरंगी को नगर पंचायत बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया।

## जाँच एवं इनवेस्टिगेशन (अन्वेषण) में क्या अन्तर होता है जानिए/ BNSS...

सामान्य तौर पर कहें तो हम जाँच और इनवेस्टिगेशन को एक ही शब्द बोलते हैं क्योंकि किसी भी जाँच (Inquiry) को हम यही कहते हैं कि व्यक्ति किसी अमुक बात को जानने के लिए कोई खोज बिन कर रहा है एवं साक्ष्य को एकत्रित कर रहा है जिसे हम इनवेस्टिगेशन या अन्वेषण भी कह सकते हैं लेकिन भारतीय कानून में इन दोनों शब्दों को अलग रखा है जानिए

1. **भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 2(1)(ट) की परिभाषा:** विचारण से अलग कोई कार्रवाई मजिस्ट्रेट द्वारा तथ्यों या साक्ष्य के जुटाने के लिए की जाती है उसे जाँच (Inquiry) कहते हैं अर्थात जाँच मजिस्ट्रेट या न्यायालय द्वारा की जाती है।
2. **भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 2(1)(ठ) की परिभाषा:** ऐसी कार्यवाही जो पुलिस अधिकारी या अन्य किसी अधिकारी के द्वारा किसी साक्ष्य को एकत्रित करने के लिए की जाती है उसे हम अन्वेषण (इनवेस्टिगेशन) कहते है। कुल मिलाकर कहे तो अन्वेषण एक न्यायिक कार्यवाही नहीं होती है जबकि जाँच एक न्यायिक कार्यवाही होती है एवं दोनों के उद्देश्य एवं क्षेत्र भी भिन्न हो सकते हैं। हरदीप सिंह बनाम स्टेट ऑफ पंजाब मामले मे सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह कहा गया है कि जाँच आरोप पत्र (चार्जशीट) प्रेषित होने के साथ ही प्रारंभ हो जाती हैं एवं यह मजिस्ट्रेट का कार्य है इसका पुलिस अन्वेषण से कोई संबंध नहीं होता है।

**नोट-** विचारण जाँच से भिन्न होता है एवं यह एक न्यायिक कार्यवाही होती है जिसका अंत आरोपी को दोषमुक्त या दोषसिद्ध करना होता है लेकिन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में विचारण शब्द को कहीं परिभाषित नहीं किया गया है एवं न ही दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के परिभाषित किया गया था।

## पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाई गई मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना हो रही चुनावी जुमला साबित

### मध्यप्रदेश के युवाओं का भविष्य नही सुरक्षित

मीडिया रिपोर्ट में इंजीनियर राहुल अहिरवार संयोजक आई टी परिसंघ द्वारा अवगत कराया गया कि माननीय पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाई गई मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में बेरोजगार युवाओं को विधानसभा



चुनाव से पहले आश्वासन एवं घोषणा की गई थी कि मध्य प्रदेश के युवाओं को एक वर्ष की ट्रेनिंग देकर नियमित रोजगार दिया जाएगा पर यह योजना भी चुनावी जुमला साबित हो रही है, परिसंघ एवम मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के समस्त युवाओं द्वारा अपने-अपने विधायको एवं मंत्रियों को ज्ञापन पत्र सौंपे है, गए लेकिन मध्यप्रदेश शासन ने कोई भी उचित निर्णय नही लिया समस्त युवाओं की ट्रेनिंग 31अगस्त को खत्म हो रही है, जिससे मध्यप्रदेश के समस्त युवा गहरी निराशा में है, समस्त युवाओं द्वारा मांग की जा रही है, कि उन्होंने जिस प्रतिष्ठान में ट्रेनिंग की है,उनको उसी प्रतिष्ठान में समायोजन करके नियमित रोजगार प्रदान किया जाए, तथा मध्य प्रदेश परिसंघ के संयोजक आईटी इंजीनियर राहुल अहिरवार ने भी शासन से पत्राचार करके छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया, और मांग की युवा छात्रों को नियमित रोजगार प्रदान किया जाए, अगर नियमित रोजगार प्रदान नहीं किया गया तो समस्त युवा छात्रों के साथ मध्यप्रदेश परिसंघ मुख्यमंत्री कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेगा।

## राहुल गांधी-प्रियंका गांधी भूस्खलन प्रभावित वायनाड का दौरा करेंगे

### मृतकों की संख्या बढ़कर 45 हुई



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के केरल के वायनाड का दौरा करने की उम्मीद है, जहां बड़े पैमाने पर भूस्खलन में अब तक 45 लोगों की जान चली गई, जबकि 70 घायल हुए हैं। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने कहा, ÷यह एकजुटता का समय है, हमें साथ मिलकर काम करना होगा ताकि अधिकतम लोगों का जीवन सुरक्षित रहे। हम (वायनाड) जाने की योजना बना रहे हैं। हां, दोनों (राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा) जाने की योजना बना रहे हैं।÷ वेणुगोपाल ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है और अधिकतम स्तर के पुनर्वास उपायों को शामिल करने के प्रयास चल रहे हैं।

### यह हमारे लिए बहुत दुखद दिन है

वेणुगोपाल ने कहा, ÷यह हमारे लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद दिन है। वायनाड में एक के बाद एक त्रासदी हो रही है। आज सुबह हमने यह दुखद समाचार सुना। इसके बाद, हम सरकार और अन्य एजेंसियों द्वारा किए जाने वाले अधिकतम स्तर के पुनर्वास उपायों, बचाव उपायों को शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं। मैंने राहुल गांधी को सूचित किया, उन्होंने तुरंत जिला कलेक्टर को फोन किया और फिर मुख्यमंत्री को फोन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को उनकी ओर से किसी भी चीज की आवश्यकता होने पर पूर्ण समर्थन देने की पेशकश की। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी बात की। राजनाथ सिंह ने भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।÷

### मुआवजा राशि का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से बात की और उन्हें संकट से निपटने के लिए केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए 2 लाख रुपए के मुआवजे की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपए मिलेंगे।

## रीवा की पहचान व्हाइट टाइगर, वाटरफाल्स, सुपारी के खिलौने की थीम पर भितिचित्र और सेल्फ़ी प्वाइंट बनायें: उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### रीवा के सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की

**भोपाल।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कलेक्ट्रेट रीवा के सभागार में रीवा शहर के सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि मॉडल सड़कों के डिवाइडर में तथा किनारों में पौधे लगाने के साथ-साथ मुख्य मार्गों में 30 अलग-अलग स्थानों पर भित्तिचित्र (मुराल) एवं सेल्फी प्वाइंट बनाए जायें। जिनकी थीम में रीवा की पहचान व्हाइट टाइगर, वाटरफाल्स, सुपारी के खिलौने आदि को शामिल किया जाये। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि शहर को स्वच्छ व साफ-सुथरा रखने के लिए नगर निगम अतिरिक्त स्वीपिंग मशीन



लगाए। सड़कों में पानी का जमाव न हो इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाए। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्माणाधीन सिविल लाइन पार्क, सिरमौर चौराहे के थर्ड-लेग फ्लाईओवर निर्माण, सर्किट हाउस निर्माण, व्यंकट क्लब भवन निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि चिरहुला मंदिर में प्रवेश मार्ग को चौड़ा करने तथा पार्किंग स्थल का विकास करने के साथ ही अन्न क्षेत्र को पर्याप्त स्थल पर व्यवस्थित किए जाने का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। प्रभारी आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित नगर निगम एवं निर्माण विभाग के अधिकारी व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गौ-धाम हिनौती के लिए 1.20 हेक्टेयर राजस्व भूमि वन विभाग को दिलाए जाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से हिनौती में गौ-वंश अभयारण्य की स्थापना की गई है।

# भूमिहीनों को शासकीय भूमि दो नही तो होगा संग्राम बद्री प्रसाद, प्रदेश सचिव एम एल पी आई ( रेड फ्लैग)

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

सिंगरौली। देश सबका है सबको मानवीय अधिकार मिलना ही चाहिए। आज अमीर और अमीर होते जा रहा है और गरीब जैसा कि तैसा सरल मुंह से कहा जा सकता है कि गरीब को मेहनत करनी चाहिए तब वह अमीर होगा। लेकिन सच्चाई कुछ और भी है, जो कि चोरी, बेईमानी, लुटपाट व डकैती कर अर्जित बेसुमार संपत्ति क्या कोई पैदा होते साथ लेकर आता है। यह बिल्कुल भी सही नहीं है। यहां अकूत संम्पति जिसके भी पास है उसमें बेईमानी का अंश है। ईश्वर ने सभी को बराबर भेजा है, फिर यहाँ पर जो भी षड्यंत्र रचा गया जिसकी लड़ाई पूर्व से चली आ रही है। यही के मूल निवासियों के पास केवल जल, जंगल और जमीन थी। जिसके वह मालिक थे, जिनसे षड्यंत्र कर अमीर बनने और गरीबों को गुलाम बनाने के उद्देश्य से जल, जंगल व जमीन छीनी गई । उक्त विचारों के क्रांतिकारी श्री बद्री प्रसाद जी है। जिन्होंने वरिष्ठ पत्रकार मूलचन्द मेधोनिया को जानकारी देते हुए बताया है कि मध्यप्रदेश




के सिंगरौली जिले की चितरंगी तहसील में बगदरा अभ्यारण में बंजर भूमि पर भूख से तड़पते भूमिहीनों ने भूख मिटाने के लिए खेती करने की शुरुआत कर दी है। जहां लोगों के पास सैकड़ों एकड़ भूमि है वही गरीब के पास अपना पेट की भूख मिटाने के लिए एक एकड़ तक जमीन नहीं है। यह सरासर अन्याय हो रहा है, गरीब बहुत मेहनत व अपना श्रम करना चाहते है लेकिन उसके पास भूमि नहीं है। जो सरकार भूमि है जिस पर जमीदारों, अमीरों, फैक्ट्री मालिकों और राजनैतिक लोगों के पास अनाप सनाप भूमि अवैध तरीके से काबिज है। जिसकी जांच होनी चाहिए, सरकार के पास भी बेमतलब की जमीन खाली अनेकों मद के नाम पर है।जिसका लाभ भी अमीर समय समय पर उठा कर मौज मस्ती कर रहे है। जब सिंगरौली के गरीब, मजदूर और दलित-आदिवासी खेती कर अपना मरण पोषण करना चाहते है तो वहां पर वन विभाग द्वारा परेशान किया जा रहा है। गरीब परेशान है करें तो क्या करें? मजदूरी करने जाओं तो ये अमीर पैसे कम देते है। श्रम अधिक लेकर शोषण करते है। रेड फ्लैग पार्टी के राज्य सचिव श्री बद्री प्रसाद ने मध्यप्रदेश के गरीब भूमिहीन दलित आदिवासियों की भूमि की मांग का समर्थन करने हेतु गरीबों के हक के लिए नारा बुलंद किया है कि जो जमीन सरकारी है वह जमीन गरीबों की है उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से अपील की है कि वह भूमिहीनों के हितों में ले प्राकृतिक निर्णय वरना गरीब भूमिहीन करेंगे महासंग्राम अपने पेट की भूख सबसे बड़ी होती है जो गरीब, मजदूर अब नहीं करेंगे बरदास्त। गौरतलब है कि भारत सरकार जब चीन को 4000 वर्ग किलोमीटर, बंगला, देश को हजारों हेक्टेयर व साइप्रस देश के नागरिक अडानी को करोड़ों हेक्टेयर जमीन दे सकते हैं तो देश के भूमिहीनों को जमीन क्यों नहीं दी जा सकतीं। देश में गरीबों को धोखा देने के लिए भूदान आंदोलन, शीलिंग की जमीन वितरण की नौटंकी दर्जनों बार 75 बर्ष की आजादी में की गई। लेकिन भूमीहिन भूमिहीन ही है ही है, अब यदि भूमिहीनों को जमीन नहीं दी गई तो भूमिहीन जान की बाजी जमीन लेकर रहेगा।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण की तैयारियों हेतु कार्यशाला सम्पन्न



**सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

रायसेन। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों के संबंध में रायसेन स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण कार्यशाला में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने उपस्थित प्राचार्यो, जनशिक्षकों एवं शिक्षकों से कहा कि सर्वेक्षण हेतु सभी पूरी लगन तथा मेहनत से तैयारी करें, ताकि जिले को अधिक से अधिक अंक मिले और जिस उद्देश्य के लिए यह सर्वेक्षण कराया जा रहा है वह पूर्ण हो। कलेक्टर श्री दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) द्वारा स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की सीखने की उपलब्धि के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर मूल्यांकन किया जाता है। इसमें शिक्षा प्रणाली के दक्षता सूचकांक के रूप में बच्चों की प्रगति और अधिगम क्षमता का मूल्यांकन किया जाता है ताकि विभिन्न स्तरों पर सुधारात्मक कार्यो के लिए समुचित कदम उठाए जा सकें। उन्होंने



कहा कि बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं तथा कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। शिक्षकों का दायित्व है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और बेहतर शिक्षा मिले तथा इसके लिए शिक्षक समर्पित भी हैं। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया तथा स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी संबोधित किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण केंद्र सरकार की ओर से कराया जाता है। जिसके द्वारा स्कूली शिक्षा में उपलब्धियों को परखा जाता है। यह एक राष्ट्रीय प्रतिनिधि सर्वेक्षण है जो स्कूली शिक्षा की प्रभावशीलता पर एक प्रणाली स्तर का प्रतिबिंब प्रदान करता है। एनएएस के निष्कर्ष पूरे स्पेक्ट्रम और आबादी में प्रदर्शन की तुलना करने में मदद करते हैं जो उपचारात्मक हस्तक्षेप के लिए वांछनीय दिशा और क्षेत्रों में जाने के लिए इनपुट के रूप में काम करते हैं। सर्वेक्षण के परिणाम छात्र-छात्राओं में सीखने की कमियों का निदान करने और शिक्षा नीतियों, शिक्षण प्रथाओं और सीखने में आवश्यक हस्तक्षेपों को निर्धारित करने में मदद करती है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी सहित स्कूलों के प्राचार्य, जनशिक्षक और शिक्षक उपस्थित रहे।

# शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024-25 में रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था

## लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किये दिशा-निर्देश

**सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

रायसेन। स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024-25 में रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था के संबंध में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी किये है। निर्देशों में कहा गया है कि जिन रिक्तियों के विरूद्ध शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था के लिये अतिथि शिक्षकों को रखा जाना हैं, ऐसी रिक्तियों को राज्य स्तर से जीएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित किया जायेगा। जीएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित रिक्त पद के अतिरिक्त अन्य कोई अतिथि शिक्षक शासकीय विद्यालय में नहीं रखा जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि जिन विद्यालयों में रिक्त पद है, वहां उन्हीं शिक्षकों को नियमानुसार रखा जायेगा। इसमें हाईकोर्ट की गाईडलाइन का पालन किया जायेगा। अतिथि शिक्षक पोर्टल पर आवेदक का जिस पैनल का स्कोर कार्ड जनरेट है, केवल उसी पैनल में ज्वॉइनिंग दर्ज हो सकेगी। वर्ष 2023-24 में कार्यरत अतिथि शिक्षक द्वारा जिस विद्यालय में कार्य किया गया है, उस विद्यालय में अतिथि शिक्षक द्वारा स्वयं के लॉगइन आईडी से ज्वॉइनिंग दे सकें वह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अतिथि शिक्षक ऑनलाइन ज्वॉइनिंग अपने संबंधित विद्यालय में 7 अगस्त 2024 तक अनिवार्य रूप से देंगे। यह निर्देश विभाग द्वारा जारी किये गये है।



## अतिथि शिक्षक आमंत्रण के लिये समय सारणी

अतिथि शिक्षक आमंत्रण के लिये जीएफएमएस पोर्टल पर रिक्त पदों का प्रदर्शन 30 जुलाई 2024 तक किया जायेगा। अतिथि शिक्षक द्वारा जीएफएमएस पोर्टल पर ज्वॉइनिंग दर्ज करना पोर्टल पर अपलोड करने का कार्य एक अगस्त से 7 अगस्त 2024 तक होगा। इसी अवधि में शाला प्रभारी ज्वॉईन किये गये अतिथि शिक्षक की उपस्थिति का प्रमाणीकरण करेंगे। ऐसी शाला में जहां नियमित शिक्षक पदस्थ है, लेकिन किन्हीं कारणों से सम्पर्ण शैक्षणिक सत्र के लिये अनुपलब्ध है। वहां अतिथि शिक्षक की व्यवस्था के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने समय सारणी जारी की है। एक अगस्त से 4 अगस्त 2024 तक संकुल प्राचार्य द्वारा जीएफएमएस पोर्टल पर नियमित शिक्षक के अनुपलब्ध होने का कारण एवं आदेश की प्रति अपलोड की जायेगी। 5 और 6 अगस्त को संकुल प्राचार्य द्वारा प्रेषित की गई रिक्वेस्ट का परीक्षण कर संचालनालय से अनुमोदन दिया जायेगा। 6 एवं 7 अगस्त को अतिथि शिक्षक जीएफएमएस पोर्टल पर ज्वॉइनिंग दर्ज कर सकेंगे। 7 एवं 8 अगस्त को अतिथि शिक्षक की ज्वॉईन की प्रमाणीकरण का कार्य होगा। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतिमाह की 7 तारीख तक अनिवार्य रूप से मानदेय देयकों का परीक्षण कर भुगतान किया जायेगा। इसकी जानकारी माह की 10 तारीख अनिवार्य रूप से जीएफएमएस पोर्टल पर दी जायेगी।

# संभागायुक्त डॉ शर्मा ने रायसेन में एसडीएम तथा तहसीलदार कोर्ट का किया निरीक्षण

## राजस्व महाअभियान 2.0 अंतर्गत प्रकरणों के निराकरण की जानी स्थिति

**सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

रायसेन। भोपाल संभागायुक्त डॉ पवन कुमार शर्मा द्वारा रायसेन में एसडीएम तथा तहसीलदार कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान एसडीएम तथा तहसीलदार कोर्ट में लंबित प्रकरणों की राजस्व महाअभियान 2.0 अंतर्गत निराकरण की जानकारी लेते हुए नियमानुसार कार्यवाही कर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालय के राजस्व रिकार्ड का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त डॉ शर्मा को कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने राजस्व महाअभियान 2.0 अंतर्गत की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री श्वेता पवार, एसडीएम श्री मुकेश सिंह तथा तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।



# कलेक्टर श्री दुबे ने लगातार बारिश के दृष्टिगत सुरक्षा हेतु पुल-पुलियों पर बैरिकेड्स लगाने के दिए निर्देश

## पुल-पुलियों पर पानी होने की स्थिति में पार नहीं करने की अपील

**संभागीय संवाददाता हेमंत शाक्या**

जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नालों के जलस्तर में वृद्धि होने के दृष्टिगत कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा ई पीडब्ल्यूडी को पुल-पुलियों पर बैरिकेड्स लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चौकीदारों की ड्यूटी लगाई जाने और नदी-नालों के जल स्तर पर भी सतत् नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री दुबे ने आमजन से भी अपील की है कि पुल-पुलियों पर पानी होने की स्थिति में उन्हें पार करने की कोशिश ना करें।



# शिक्षा में गुणवत्ता एवं विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए घर घर जाकर किया जा रहा है जागरूक

**शिक्षक घर घर जाकर बच्चों को लेकर आते है विद्यालय**



**संभागीय संवाददाता हेमंत शाक्य**

सुल्तानपुर। राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाया जाना है भारत सरकार द्वारा यह नीति लागू की गई है हर बच्चा स्कूल चले, एवं कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रह सके, एवं अधिक से अधिक संख्या में बच्चे शाला में प्रवेश ले सके इस हेतु शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा घर घर जाकर आम नागरिकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है एवं शाला से अनुपस्थित बच्चों को विद्यालय लाया जा रहा है जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो सके, एवं बच्चे गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त कर सकें, शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों के लिए शिक्षक सुशील शर्मा ने बताया है कि अधिकांश बच्चों के माता-पिता धान लगाने के लिए जा रहे हैं जिसके कारण बच्चे घर पर रह जाते हैं इसलिए प्रतिदिन विद्यालय नहीं आ पाते, हमारा प्रयास बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना है जिससे वह देश के लिए अच्छे नागरिक बन सकें।

# पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय प्रांगण में कलेक्टर श्री दुबे ने विद्यार्थियों के साथ किया पौधरोपण

**सम्भागीय संवाददाता हेमंत शाक्या**

पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु चलाए जा रहे एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत रायसेन स्थित पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय परिसर में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा पौधरोपण किया गया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा भी अपने अभिभावकों के साथ पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री दुबे ने कहा कि सभी एक पेड़ मॉ के नाम अभियान में सहभागिता कर पौधरोपण करें तथा उसकी देखभाल करें। जिससे कि पौधा बड़ा होकर वृक्ष का आकार ले सके। कलेक्टर श्री दुबे ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से चर्चा कर सराहना की। इस अवसर पर एसडीएम श्री मुकेश सिंह, विद्यालय के प्राचार्य तथा शिक्षक भी उपस्थित रहे।




# बाल तस्करी से बच्चों का संरक्षण, कानून और समाधान पर कार्यशाला सम्पन्न




**संभागीय संवाददाता हेमंत शाक्या**

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन श्री अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन में कृषक सहयोग संस्थान रायसेन के सहयोग एवं समन्वय से विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन में बाल तस्करी से बच्चों का संरक्षण, कानून और समाधान विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन श्री राजीव राव गौतम ने मानव तस्करी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मानव तस्करी विश्वव्यापी समस्या है, इसका मूल कारण शिक्षा का अभाव और गरीबी है। मानव तस्करी के अन्य भी कई कारण है जैसे बाल मजदूरी कराने, कम मूल्य में बंधुआ मजदूरी, देह व्यापार, बेहतर जीवन के लालसा के कारण लालच, घरेलू काम करने के लिए बालिकाओं को ले जाना और चाईल्ड पोर्नोग्राफी आदि के लिए मानव तस्करी कुख्यात है। मानव तस्करी रोकने के लिए पर्याप्त कानून है। आवश्यकता है हम सब मिलकर मानव दुर्व्यापार रोकने हेतु बनाये गये कानून का सहयोग करें। आप हम सबके सामूहिक प्रयासों से ही मानव दुर्व्यापार जैसी बुराई समाज से दूर हो सकेगी। कार्यशाला में उपस्थित प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्टेड सुश्री रेणुका वारिया ने कहा कि बाल तस्करी सामाजिक बुराई और मानवता पर कलंक है। इस बुराई को सामूहिक प्रयासों से खत्म किया जा सकता है। साथ ही बच्चों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया से दूर रहे और अपनी जानकारी साझा ना करें। मानव तस्करी एक वैश्विक समस्या है। इस सामाजिक बुराई को दूर करने के लिए सामाजिक स्तर पर व्यापक प्रयास करने होंगे। सिर्फ पुलिस या प्रशासन बाल तस्करी सामाजिक बुराई को खत्म नहीं कर सकते। कार्यशाला में न्यायाधीशों सहित जिला विधिक सहायता अधिकारी अनीस अब्बासी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन की प्राचार्य स्वाति चौहान, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंड काउंसिल शुभम मालवीय, श्री अनिल भवरे जिला समन्वयक कृषक सहयोग संस्थान के द्वारा भी जानकारी साझा की गयी। इस अवसर पर अतिथियों ने पौधारोपण किया और प्रकृति संरक्षण का संकल्प दिलाया। विद्यार्थियों को पौधे भेंट कर उन्हें संरक्षित रखने के लिए संकल्प भी दिलाया।

**बेरोजगार शिक्षक संघ/वर्ग (म.प्र.)**

कार्यालय :- पालीवाल कोचिंग क्लासेस, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) रजि. GWAL240123SE01687
सम्पर्क सूत्र 9827285365 ई मेल – deveshkumar0001288@gmail.com

प्रदेश अध्यक्ष
देवेश पालीवाल (ग्वा.)
मो. : 9827285365

**मांग–वर्ग 1 चयन परीक्षा 2023 पद वृद्धि**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**वर्ग 1 चयन परीक्षा 2023 वेटिंग अभ्यर्थी 9 अगस्त को दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन**

बेरोजगार वेटिंग शिक्षक संघ लगातार पिछले एक वर्ष से वर्ग 1 चयन परीक्षा 2023 के पदों में वृद्धि की मांग कर रहा है संघ ने अपनी न्याय संगत मांगों को हर मध्य प्रदेश के हर विधायक हर मंत्री को विपक्ष को अवगत कराया और कई बार भोपाल में आंदोलन के माध्यम से भी सरकार को जगाने का प्रयास किया लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम सरकार के द्वारा नहीं उठाया गया

बेरोजगार वेटिंग शिक्षक संघ के अध्यक्ष देवेश पालीवाल का कहना है की विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के पहले मोदी जी ने मध्य प्रदेश की जमीन पर आकर मध्य प्रदेश के युवाओं को गारंटी की गारंटी दी थी और कहा था की मध्य प्रदेश में बिना शोर किए हुए 60000 शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे लेकिन शायद मध्य प्रदेश सरकार मोदी जी की गारंटी को भी भूल गई है और उच्च माध्यमिक शिक्षक वर्ग 1 में लगभग 21000 पद खाली इसलिए वर्ग 1 चयन परीक्षा 2023 के सभी वेटिंग अभ्यर्थी अपनी न्याय संगत मांगों के लिए 9 अगस्त को दिल्ली के जंतर मंतर में प्रदर्शन करेंगे और प्रधानमंत्री मोदी जी को उनकी गारंटी याद दिलाएंगे जिसे केंद्र सरकार मध्य प्रदेश सरकार को निर्देश दे की इन वेटिंग शिक्षकों को न्याय दें और उनका अधिकार उनको प्रदान करें

धन्यवाद
बेरोजगार वेटिंग अभ्यर्थी संघ

# प्राथमिक विद्यालय बना मस्ती की पाठशाला, शिक्षक द्वारा मनाया जाता है प्रत्येक बच्चे का जन्मदिन

**विद्यालय को आनंदमय बनाने के लिए शिक्षक द्वारा कराया जा रहा है नवाचार**




**संभागीय संवाददाता हेमंत शाक्य**

सुल्तानपुर। राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकुल प्राचार्य श्रीमती आर एस कुमार के मार्गदर्शन में शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के नवाचार कराये जा रहे हैं शिक्षा के वातावरण को आनंदमय बनाने के लिए शिक्षक द्वारा स्वयं के पैसों से बच्चों के जन्मदिन मनाया जाता है इसका उद्देश्य बच्चों का विद्यालय में ठहराव करना है एवं शिक्षा से जोड़ना है खेल-खेल में बच्चे आसानी से गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त कर सकें एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो सके , इस प्रकार की गतिविधियों के द्वारा बच्चों का मनोरंजन होता है विद्यालय का वातावरण आनंदमयी होना चाहिए जिसके कारण बच्चे खुशी-खुशी विद्यालय आ सके।

# सांची जनपद के ग्राम सूखाकरार में ग्रामीणों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने शिविर लगाकर दी गईं योजनाओं की जानकारी

## 09 ग्रामीणों का शिविर स्थल पर ही बनाया गया आधार कार्ड

**सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

जिले की सांची जनपद के ग्राम सूखाकरार में जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु योजनाओं की जानकारी देने तथा समस्याओं के निराकरण के लिए बुधवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, कलेक्टर श्री अरविंद दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 165 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित विभागों को निराकरण हेतु प्रेषित किया गया। शिविर में विधायक डॉ चौधरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण और विकास के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। जिनका लाभ पाकर नागरिकों के जीवन में बदलाव आ रहा है, वह उन्नति की ओर अग्रसर हैं। ग्रामीण भाई-बहन स्वयं भी आगें आकर पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि शिविर में योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने ग्रामीणों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे, इसके लिए शिविर लगाकर




योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने शासन द्वारा युवाओं, महिलाओं, वृद्धजन सहित अन्य वर्गो के विकास और उन्नति के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया। कलेक्टर श्री दुबे ने पंचायत सचिव से प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्यान्न वितरण सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों से भी प्रतिमाह खाद्यान्न वितरण होने, आंगनवाड़ी संचालित होने, स्व-सहायता समूहों के संचालन आदि के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। शिविर प्रांगण में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श व उपचार किया गया।

**विधायक तथा कलेक्टर ने स्टॉल का किया निरीक्षणः** विधायक डॉ चौधरी तथा कलेक्टर श्री दुबे ने शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने के साथ ही पात्रतानुसार आवेदन भी भरवाए जाएं। शिविर में बैंक, आधार पंजीयन, पशुपालन विभाग, आजीविका मिशन, महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 127 ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

**09 ग्रामीणों का शिविर स्थल पर ही बनाया गया आधार कार्डः** शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 165 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित विभागों को निराकरण हेतु प्रेषित किया गया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 75 आवेदन, राजस्व विभाग के 55 आवेदन, महिला एवं बाल विकास के 21 आवेदन, आधार पंजीयन के 09 आवेदन तथा एसआरएलएम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एक-एक आवेदन प्राप्त हुए। शिविर स्थल पर ही 09 ग्रामीणों के आधार कार्ड बनाए गए। साथ ही मुन्नी बाई का मप्र क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, कुमारी दर्पण आ0 सुनील का पंजाब नेशनल बैंक में तथा कु. सुमन पिता सुरेश का सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में खाता खोला गया।

### विधायक डॉ चौधरी ने किया पौधरोपण

सांची जनपद के ग्राम सूखाकरार में आयोजित शिविर में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत ग्रामीणों के साथ पौधरोपण किया गया। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा रोपित पौधों की देखभाल और सुरक्षा करने की अपील भी की। इस अवसर पर एसडीएम श्री मुकेश सिंह, सांची जनपद सीईओ श्रीमती बंदू सूर्यवंशी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने दाहोद डैम का किया निरीक्षण

## डैम के गेट बदलवाने तथा कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटवाने के दिए निर्देश

**सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट द्वारा रायसेन जिले के औबेदुल्लागंज जनपद में स्थित दाहोद डैम का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने डैम की वर्तमान स्थिति, संग्रहित जल की मात्रा आदि के बारे में जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए। दाहोद डैम की जल संग्रहण क्षमता 26.33 एमसीएम है तथा वर्तमान में 13 एमसीएम जल संग्रहित है। इस डैम से लगभग 2200 हैक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित होती है। साथ ही औबेदुल्लागंज तथा मण्डीदीप नगरीय निकाय में पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट द्वारा डैम के निरीक्षण के दौरान गेटों के जाम होने की समस्या संज्ञान में आने पर गेट बदलवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। साथ ही रैलिंग की रिपेयर कराने, पिचिंग कार्य कराने तथा 800 मीटर सीसी रोड का निर्माण कराने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने डैम के कैचमेंट एरिया को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश एसडीएम तथा विभागीय अधिकारियों को दिए। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि वर्ष 2003 में प्रदेश में 6-7 लाख हैक्टेयर में सिंचाई होती थी तथा वर्तमान में लगभग 50 लाख हैक्टेयर में सिंचाई हो रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का लक्ष्य है कि वर्ष 2025 तक प्रदेश में 65 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो। इसके लिए लगातार काम किया जा रहा है। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के मुख्य



अभियंता श्री आरडी अहिरवार, कार्यपालन यंत्री प्रतिभा सिंह, एसडीएम श्री चन्द्रशेखर श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जल संसाधन मंत्री ने किया पौधरोपण

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट द्वारा दाहोद डैम के निरीक्षण उपरांत एक पेड़ मॉ के नाम अभियान अंतर्गत जामुन का पौध रोपा। उन्होंने कहा कि तापमान में हो रही वृद्धि तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण वर्तमान समय की महती आवश्यकता है। सभी नागरिक पौधरोपण करें तथा उनकी देखभाल और सुरक्षा भी करें। जिससे पौधे वृक्ष का आकार ले सकें।

# आकाशीय बिजली से मृत किसान युवक के बच्चों को रविदासीय धर्म संगठन के कार्यकर्ताओं ने की आर्थिक मदद।





**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

देवरी। विगत दिनों ग्राम पंचायत चीकली निवासी किसान राजेश अहिरवार का आकाशीय बिजली से निधन हो गया था जिसके चलते क्योंकि वह एक साधारण से किसान थे और बच्चों के पढ़ाई लिखाई का जिम्मा उन पर ही था इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए रविदासिया धर्म संगठन और समाज के कई वरिष्ठ जनों ने उनके बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए आर्थिक मदद की जिसमें रविदासिया धर्म संगठन जिला रायसेन मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं के माध्यम से मृत राजेश अहिरवार के बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए ?5000 की नगद सहयोग राशि प्रदान की गई।। जिससे कि वह उचित शिक्षा ग्रहण कर सके। रविदासिया धर्म संगठन पूरे भारत में चलने वाला सबसे बड़ा संगठन है जिसमें समाज के कमजोर वर्गों को हित को ध्यान में रखते हुए उनकी सामाजिक और आर्थिक मदद करने में सहयोग प्रदान करता है। रविदासिया धर्म संगठन के जिला सचिव श्री हाकम सिंह जी मासाब साहब गहलावन वालों ने बताया कि मृतक राजेश अहिरवार के दो बच्चे हैं जिनमें एक लड़का एक लड़की है और वह पढ़ाई करना चाहते हैं इसी बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने ?5000 की नगद राशि बच्चों की पढ़ाई के लिए दी और भविष्य में भी आवश्यकता पड़ने पर रविदासिया धर्म संगठन और अहिरवार समाज संघ के लोग उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।



# 1 अगस्त से 15 अगस्त तक शासकीय सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास उदयपुरा में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन ।

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

उदयपुरा। जनजातीय कार्य विभाग भोपाल के द्वारा पत्र में प्रदर्शित किया गया है कि समस्त मध्य प्रदेश की आश्रम छात्रावासों में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा जिसमें 1 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रतिदिन एक गतिविधियों का किया जाना अति आवश्यक है। इस पखवाड़े का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट बालक छात्रावास उदयपुरा में छात्रावास अधीक्षक श्री बैजनाथ इमने, चौकीदार लोकेश कुशवाहा, विजय एवं समस्त छात्रों द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आश्रम छात्रावास में रह रहे अधीक्षक के मार्गदर्शन में बच्चों के सहयोग से छात्रावासों एवं संस्थाओं के आसपास क्षेत्र की साफ सफाई का अभियान, छात्रावासों के शौचालय एवं नालियों की साफ सफाई उन्हें सुबह अवस्थित किया जाना, शिक्षण संस्थानों में स्वच्छता विषय पर रैली निकालना छात्रावास एवं आवासीय शिक्षण



संस्थान में श्रमदान द्वारा परिसर की सफाई किया जाना, शिक्षण संस्थानों में स्वच्छता के विषय पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता किया जाना, शिक्षण संस्थानों छात्रावास परिषद के आसपास के क्षेत्र में वृक्षारोपण किए के लिए गड्ढे तैयार किया जाना, वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पौधे लगाए जाना संस्थानों में स्वच्छता सेल्फी बूथ बनाना, छोटे एवं फूलों की तैयारी तैयार करना आदि कार्य करना आवासीय संस्थानों छात्रावास में गीले एवं सूखे कचरे की आकर्षक रंगों के डस्टबिन तैयार करना, आश्रम में किचन गार्डन तैयार किया जाना, स्वच्छता फिल्म लघ चित्र प्रदर्शन, बेस्ट ट्वेल्थ विषय पर प्रदर्शन का आयोजन आदि गतिविधि 1 अगस्त से 15 अगस्त तक निरंतर किया जाना जिसमें प्रतिदिन एक गतिविधि को अधीक्षक के निर्देश अनुसार और मार्गदर्शन में छात्रावास आश्रमों में रह रहे बच्चों के भविष्य का निर्माण करने और प्रकृति के प्रति लगाव और समझ को मजबूती मिलेगी।।

# भीम आर्मी ने डॉ.ए .पी. जे अब्दुल कलाम की 9 वी पुण्य तिथि मनाई





**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

सतना - भीम आर्मी भारत एकता मिशन और आजाद समाज पार्टी काशीराम सतना के तत्वाधान में नजीरबाद के पेट्रोल पंप के समाने देश के 11 वे राष्ट्रपति डॉ.ए पी जे अब्दुल कलाम जी की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई गई जिसमे दादू भाई चौधरी जी ने सभी भीम आर्मी कार्यकर्ताओ को सविधान के बारे में कानूनी जानकारी प्रदान की और सभी को अनुशासन में रह कर कार्य करे भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विजय वर्मा जी ने कहां की हमे सबसे पहले शिक्षित बनाना है सविधान को पढ़ना जीवन के लिए बहुत ही अवश्य है बाबा साहब के तीनो मूल मंत्र को लेकर चलना अत्यत आवश्यक है शहर के सभी ग्रामों/वार्डो में कैडर एव कानूनी जानकारी को पहुंचने के लिए अभियान चलाया जाएगा आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष अतु खान जी ने कहा कि हम सबको मिलकर समाज को जागरूक करना होगा और महापुरुषों के बारे में पढ़ना होगा महापुरुषों के संघर्ष के बारे में जानना होगा हमें एक बनो नेक बनो दलित मुस्लिम एकता बनाकर चलना होगा भीम आर्मी पूर्व जिला प्रभारी राहुल राज रावण जी ने कलाम साहब के जीवन संघर्ष के बारे मे बताया कार्यक्रम में मुख्य रूप भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विजय वर्मा,आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष अता मुहम्मद अत्तु खान, शैलेंद्र जायसवाल,दादू भाई चौधरी जी, भीम आर्मी पूर्व जिला प्रभारी राहुल राज रावण, गंगा राम वर्मा, हरिप्रकाश सतनामी,वीरेंद्र , पिंटू दुबे ,अब्दुल लतीर ,दिलीप त्रिपाठी ,राजरतन ,राजा अंसारी ,मोहम्मद कलीम, आदित्य विश्वकर्मा, राकेश अहिरवार, शिवम चौधरी,श्रीनिवास ,अनिल वर्मा, राजेश कॉल, विनोद चौधरी ,सचिन अहिरवार ,पन्नालाल, फिरोज खान, गुलाब मोहम्मद,आदि अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वरोजगार स्थापित करने संत रविदास स्वरोजगार योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**संभागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शासन द्वारा संत रविदास स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 8वीं उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं तथा महिलाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से एक लाख रू से 50 लाख रू तक का उद्योग इकाई एवं सेवा इकाई के लिए एक लाख से 25 लाख रू तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। योजना अंतर्गत स्वीकृत इकाई लागत पर 05 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अधिकतम 07 वर्षो तक ब्याज अनुदान देय होगा। संत रविदास स्वरोजगार योजना का लाभ लेने के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के 18 से 45 वर्ष तक की आयु के नागरिक आवेदन कर सकते हैं। आवेदक जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा पूर्व में किसी बैंक या शासकीय संस्था से डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता 08वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदक वर्तमान में राज्य शासन एवं केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का लाभार्थी ना हो। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को samsat.mp.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन करना होगा। योजनाओं तथा आवेदन प्रक्रिया के संबंध में अधिक जानकारी हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन में स्थित अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कार्यालय में तथा न्यूज रिपोर्टर हेमंत शाक्या के मो.न. 6263301848 पर सम्पर्क किया जा सकता है।




**डिंण्डौरी।** गुरूवार को मिड वे ट्रीट पाटनगढ़ अमरकंटक रोड से घरेलू उपयोग के 4 सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग पर कार्यवाही करते हुए शमीम ख़ान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा चारों सिलेंडरों को जप्त कर साहू गैस गाड़ासरई की सुपुर्दगी में देकर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनिमय आदेश 2000 के प्रावधानों के उल्लंघन किए जाने का प्रकरण बनाया गया।

## सतना शहर में 1 घंटे की बारिश में स्मार्ट सिटी की खुली पोल भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ने दिया कलेक्टर महोदय को ज्ञापन



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

सतना - सतना शहर में दिनांक 25/07/2024 जोर दार बारिश हुई जिसमे से स्मार्ट सिटी के नले और नालियों का पानी सड़कों में भर गया जिस शहर वासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा यहां तक की कई व्यापारियों के दुकानों में नाली का पानी भर गया स्कूलों में गंदी नालियों का पानी भर गया बच्चों को आने-जाने में बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि कौन है आगे कोई जनहानि ना हो इसको लेकर आज भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ने कलेक्टर महोदय के



नाम ज्ञापन दिया जिसमें भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विजय वर्मा ने कहा कि शहर की नली और बड़े नले के ऊपर से अतिक्रमण जल्द से जल्द हटवाया जाए और और सड़कों को सही करवाया जाए जो जिम्मेदार ठेकेदार इंजीनियर हैं उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी द्वारा सड़कों में धान का रोपा और फूलों की बगिया लगाकर बहुत जल्द प्रदर्शन करेगी जिसकी जिसकी जवाबदारी जिला कलेक्टर नगर निगम कमिश्नर और महापौर की होगी ज्ञापन के समय निम्न भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विजय वर्मा,आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष अता मौहम्मद अत्तू खान , शैलेंद्र जायसवाल,विकास चौधरी,मोहित चौधरी आदि अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# अजाक्स सतना ने सांसद सतना का किया सम्मान



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

सतना - दिनांक 28 जुलाई 2024 को अजाक्स संघ सतना के जिला अध्यक्ष माननीय, रामकलेश साकेत एवं जवाहर लाल साकेत कोषाध्यक्ष की अगुआई में सतना जिले के समस्त विकास खण्ड के ब्लाक अध्यक्षों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने माननीय, गणेश सिंह जी सांसद सतना का फूल मालाओं एवं गुलदस्ता देकर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही आरक्षण से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों क ज्ञापन भी दिया गया। स्वागत करने बालों में मुख्य रूप से रामकलेश साकेत अध्यक्ष अजाक्स सतना,जवाहर लाल साकेत कोषाध्यक्ष, बी .एन. अहिरवार अध्यक्ष सोहाबल , श्रीमती विनीता आर्या तहसील अध्यक्ष सोहाबल,राजकुमार प्रजापति अध्यक्ष रामपुर बाघेलान,कुंजन सिंह परस्ते जिला सचिव,राजकुमार साकैत अमरपाटन, राजकुमार चौधरी जिला सचिव, श्री अमृतलाल चौधरी जी,शिवमोहन अहिरवार नाजी महासचिव एवं सोनू साकेत इत्यादि लोग उपस्थित हुए।



# अजाक्स द्वारा प्रांतीय आव्हान पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

सागर/ अजाक्स सागर द्वारा प्रांतीय आव्हान पर अजाक्स विकासखण्ड सागर द्वारा जिला अजाक्स कार्यालय द्वारा रैली निकालकर विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार बहादुर सिंह को ज्ञापन सौपा ज्ञापन में लेख किया गया कि मध्यप्रदेश अजाक्स द्वारा पिछले कई वर्षो से कई न्यायोचित मांगो को शासन के सम्मुख रखा गया था लेकिन उनमें से शासन द्वारा अधिकांष मांगो की पूर्ति नही किए जाने के कारण प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम प्रत्येक ब्लाक,तहसील जिला एवं संभाग स्तर पर ज्ञापन दिया जावे इसके पष्चात् भी यदि अजाक्स की मांगे पूरी नही होती है तो राजधानी भोपाल में प्रांतीय आंदोलन किया जाएगा। मध्यप्रदेष अजाक्स की प्रमुख लंबित मांगे निम्नानुसार है-



1. पदोन्नति में आरक्षण हेतु श्री मनोज गोरकेला,स्पेषल,कौंसिल मध्यप्रदेश द्वारा तैयार पदोन्नति नियम को शीघ्र लागू किया जावे।

2. मध्यप्रदेश की वर्तमान स्थिति में बैकलॉग के लगभग 1,04,500 रिक्त पदों की समय-सीमा में आवेदन पत्र आमंत्रित कर वाक-इन-इंटरव्यु के माध्यम से पूर्ति की जावे।

3. मध्यप्रदेष न्यायिक सेवाओं में सिविल जजो की भर्ती में अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति,अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित आरक्षण के लिए पूर्व की भांति न्यायिक सेवा,सिविल जजों की भर्तिया मध्यप्रदेष लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जाए एवं न्यायिक सेवा में साक्षात्कार प्रक्रिया को समाप्त किया जाए अथवा यदि संभव न हो तो साक्षात्कार के अधिकतम 10 प्रतिषत अंक निर्धारित किया जाकर प्रक्रिया को पारदर्षी बनाया जाए तथा साक्षात्कार में न्यूनतम अंक प्राप्त करने की शर्त खत्म की जावे।

4. उच्च पदों को प्रभार वरिष्ठता के आधार पर दिया जावे जिसमें आरक्षण रोस्टर का पालन सुनिष्चित किया जावे।

5. आउट सोर्सिंग प्रथा समाप्त कर नियमित नियुक्ति की जावे एवं विषेष परिस्थिति में लागू करना आवष्यक हो तो उसमें आरक्षण रोस्टर का पालन किया जावे।

6. अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक छात्रवृत्ति प्रदाय की जावे।

7. प्रत्येक ब्लॉक में 500,प्रत्येक तहसील में 1000,प्रत्येक जिले में 5000 प्रत्येक संभाग में 10 हजार एवं प्रदेष की राजधानी में 20 हजार छात्र की संख्या में छात्रावास खोला जावे।

8. अन्य राज्यों की भांति लोकसेवकों के हित में पुरानी पेंषन योजना को लागू किया जावे।

9. नगर पालिकाओं में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीयों को नियमित किया जावे।

10. नगर पालिकाओं में कार्यरत विनिमित कर्मचारीयों को नियमित किया जावे।


11. चुगीं छतीपूर्ति की राषि नगर पालिकाओं को हर माह 1-2 तारीख तक भुगतान किया जाये जिससे नगर पालिका कर्मचारीयों को समय पर वेतन दिया जा सके।

12. अंशकालीन सफाई कर्मचारियो को कलेक्टर दर का वेतन दिया जाए।

ज्ञापन सौपने वालों में अनिल लारिया संभागीय अध्यक्ष, गजेन्द्र बोहत जिलाध्यक्ष, समीष अहिरवार जिला कार्यवाहक अध्यक्ष, चन्द्रभान रोहित तहसील अध्यक्ष, सागर गौरव पवार ब्लाक अध्यक्ष साग, एम.एल. चौधरी, महेश अहिरवार, गोटीराम अहिरवार, राजू पामाखेडी, प्रदीप अहिरवार, हरिदास अहिरवार, दिनेश चौधरी, नीरज करोसिया, श्रीमती वर्षा समद, श्रीमती जयश्री अहिरवार, राजेन्द्र सनकत, जी.एस. भास्कर, राम सिंह अहिरवार, जशवंत सिंह, नरेश नांगले, ए.के. कोरी, राजहिमालय चौहान, कमलेश डागौर, राजकुमार गौड, देवेन्द्र गौड, हेमराज अहिरवार, प्रीतम अहिरवार, लखनलाल महरोलिया, नरेश, मनीष पथरोल, सचिन करोसिया, कु. आस्था समद, दिनेश अहिरवार, प्रहलाद कोष्टी आदि उपस्थित थे।

# आरएसएस का प्रतिबंध हटा, क्या लोकतंत्र पर खतरा बढ़ा !

**भावना मंगलमुखी, मुंबई**



हालांकि आरएसएस एक गैर पंजीकृत संगठन है जिसकी स्थापना सन् 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नागपुर में की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य सिर्फ़ हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए अंग्रेजी हुकूमत की जासूसी करना था। इस संगठन से जुड़े लोगों को सामान्य भाषा में संघी कहते है। आजादी के पश्चात 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे द्वारा गांधीजी की हत्या में आरएसएस संगठन की संदिग्ध भूमिका को देखते हुए तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा इस संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। हालांकि बाद में यह प्रतिबंध तो हटा दिया था लेकिन सन 1966 के एक आदेश द्वारा इसमें सरकारी अफसरों और कर्मचारियों के सहभागी होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। तत्पश्चात इस आदेश को सन् 1977 में और 1980 में पुनः दोहराया गया। तब से आरएसएस अपने आपको सिर्फ़ एक सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन बताता रहा लेकिन वह लगातार अपने संगठन के लोगों को अपनी राजनीतिक पार्टी बीजेपी में सक्रिय राजनीति हेतु भेजता रहा और उसके लिए दिन - रात प्रचार और प्रसार भी करता रहा। इसके लिए आरएसएस ने कई बार सांप्रदायिक नफरत, अफवाह और दंगों का भी सहारा लिया।

चूंकि आरएसएस की सोच ही सदा से संकीर्ण व रूढ़िवादी और विषमतावादी रही है इसलिए उसने तो संविधान को ही मानने से इनकार कर दिया था और कहा था कि हमारा तो संविधान मनुस्मृति है। और तो और आरएसएस ने तिरंगे को भी स्वीकार नहीं किया था। पूरी बीसवीं सदी तक आरएसएस अपने मुख्यालय पर तिरंगे के बजाय भगवा फहराता रहा और पहली बार आजादी के अर्धशतक के पश्चात 2001 में अपने मुख्यालय पर तिरंगा फहराया था।

संघ के बारे में बताते हुए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू ने एक बार कहा था कि अगर कोई संघी आपको बताता कि कोई चोर आपकी भैंस को चुराकर पूरब की ओर ले गया है तो मेरी यह गारंटी है कि आपकी वह भैंस पूरब दिशा को छोड़कर उत्तर, दक्षिण या पश्चिम दिशा में मिल सकती है लेकिन वह पूरब दिशा में बिलकुल भी नहीं मिल सकती क्योंकि संघ का मूल चरित्र ही मुंह में राम और बगल में छुरी वाला रहा है। हाथी की भांति उनके भी खाने के और दिखाने के दांत अलग - अलग रहे हैं।

हालांकि खुले तौर पर तो आरएसएस हमेशा हिंदुओं का समर्थन और गैर - हिंदुओं से नफरत करती रही है लेकिन गुप्त रूप से वह जातिवाद - वर्णवाद की संरक्षक, दलितों - आदिवासियों के भी विरुद्ध रही है क्योंकि कई परंपराओं और रीति - रिवाज के नाम पे वह हिंदू धर्म की कुरीतियों, अंधविश्वास और पाखंड की भी हिमायती रही है। एक तरफ़ वह सारें हिंदुओं को एक होने का आह्वाहन करती है, दूसरी तरफ़ वह अंतर्जातीय विवाह का भी विरोध करती है।

अपनी राजनीतिक पार्टी को लाभ दिलाने के लिए आरएसएस ने कई बार चुनावों में हिंदू - मुस्लिम करके ध्रुवीकरण करने का भी प्रयास किया लेकिन भारत की धर्मनिरपेक्षता के समक्ष उसे बार - बार असफल होना पड़ा। अंततः आरएसएस ने अयोध्या में राम मंदिर और बाबरी मस्जिद का विवाद खड़ा किया और उसके सहारे अटल बिहारी बाजपेई के नेतृत्व में पहली बार 1996 में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी और 2004 तक सत्ता में रही लेकिन तत्कालीन सरकार की पेंशन समाप्ति के निर्णय को लेकर सरकारी कर्मचारियों की नाराज़गी के कारण 2014 तक भाजपा विपक्ष में रही। सन् 2014 में संघ प्रचारक से गुजरात के मुख्यमंत्री बने नरेंद्र दामोदरदास मोदी ने जर्मनी के हिटलर की तरह ही भारत की जनता को सिर्फ़ हवाहवाई, लोक लुभावने वादे और विकास के झूठे एजेंडे के आधार पर सत्ता में आ गए और सत्ता पाते ही अपने एजेंडे के विकास में लग गए। सबसे पहले इन्होंने विदेशों से कालाधन लाकर सबके खाते में 15 -15 लाख खाते में डालने के जुमले द्वारा सबके खाते खुलवाएं और मोहम्मद बिन तुगलक की भांति नोटबंदी का फरमान लागू करके पूरे देश को कतारों में खड़ा करने का कार्य किया। परिणामस्वरूप आम भारतीयों का सारा पैसा बैंकों मे जमा करके अपने पूंजीपति मित्रों को कर्ज दे दिया, जिनमें से कई लोग तो देश छोड़कर ही भाग गए !


फिर भी 2019 के आम चुनाव से पहले भी पुलवामा का हमला करवाकर और सर्जिकल स्ट्राइक के बहाने अपने आपको राष्ट्रवादी साबित करके फिर सत्ता में आ गए और कोरोना जैसी महामारी के दौरान भी आपदा में अवसर का लाभ लेने में तनिक भी नहीं हिचके। इसी बीच इन्होंने हर संस्था में अपने लोगों को बैठा दिया और प्रत्येक सरकारी विभाग को बिलकुल खोखला कर दिया। क्या चुनाव आयोग और क्या यूपीएससी सब जगह सिर्फ़ आरएसएस की विचारधारा के लोगों को बैठाया और जमकर भ्रष्टाचार किया। लेकिन हर बार की तरह ही हिंदू - मुस्लिम, बहुसंख्यक जनता के ध्रुवीकरण, मीडिया को नियंत्री करके और चुनावी हेराफेरी के माध्यम से भी सत्ता से वंचित होते - होते फिर से तीसरी बार काबिज़ हो गए।

हालांकि इस बार अपेक्षित सफलता न मिलने के कारणों में प्रमुख संविधान की रक्षा और अधिकारियों की उदासीनता थी, जिसको लेकर आरएसएस और बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व के बीच नोंक - जोंक और तल्खियां भी दिखी थी लेकिन ये सिर्फ़ एक दिखावटी नूरा कुश्ती थी क्योंकि बीजेपी और आरएसएस दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू है। दोनों का मूल कार्यकर्ता भी एक ही है और दोनों ही भले नारा राष्ट्र व धर्म सर्वोपरि का लगाते हैं लेकिन इनके लिए सिर्फ़ सत्ता ही भगवान है। ऐसे में 9 जुलाई 2024 के एक आदेश द्वारा आरएसएस में सरकारी कर्मचारियों के प्रवेश की अनुमति सरकारी अफसरों और कर्मचारियों का भी उनकी विचारधारा हिंदुराष्ट्र के अनुकूल ब्रेनवाश की गुंजाइश बढ़ जाती है और चुनावों के दौरान हर बूथ पर एक अनिल मसीह के होने की संभावना से बिलकुल इनकार नहीं किया जा सकता। इस प्रकार हमेशा - हमेशा के लिए बीजेपी के अलावा अन्य सभी राजनैतिक पार्टियों की राजनीति भी खतरे में पड़ सकती है और भारत एक दलीय संसदीय व्यवस्था की ओर अग्रसर हो सकता है, जहां चुनाव संपन्न करवाना महज़ एक औपचारिकता रह सकती है। फिर इस देश में हिंदुराष्ट्र और उसके आगामी दुष्परिणाम, सांप्रदायिकता, जातिवाद, वर्णवाद आदि को लेकर स्थिति और भी तनावपूर्ण हो सकती है और सम्पूर्ण भारत में मणिपुर जैसे हालात बनने की नौबत भी आ सकती है। इसलिए समस्त बुद्धिजीवियों, सामाजिक चिंतकों, देशप्रेमियों और मानवतावादियों को आगे आकर सरकार के इस गलत महत्वकाकांक्षी फैसले का पुरजोर विरोध कर इसे वापस लेने का व्यापक दबाव डालने की कोशिश की जानी चाहिए।

# शासकीय विधि महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को किया गया नमन।



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** कारगिल विजय दिवस के दिन शासकीय विधि महाविद्यालय की स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा कारगिल युद्ध में हुए वीर शहीदों को याद किया गया एवं डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध के बारे में बताया गया।



# सेवा और समर्पण के प्रतिमूर्ति हैं स्टेनो श्रीवास्तव- कलेक्टर

## सभी के सहयोग से परिवार की तरह हुआ महसूस- स्टेनो

## सेवानिवृत्ति पर दी गई स्टेनो को भावभीनी विदाई

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल - सेवा और समर्पण के प्रतिमूर्ति हैं स्टेनो दुर्गा शंकर श्रीवास्तव जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरे ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निभाया है। श्री दुर्गा शंकर श्रीवास्तव सभी कार्यों में पारंगत हैं और आज इनका सेवानिवृत्ति का दिन है, मन थोड़ा भारी है परंतु शासन के बनाए गए नियमों का पालन करना भी हमारा परम दायित्व है। श्री श्रीवास्तव कर्मठ एवं योग्य तथा कार्य के प्रति समर्पित होने वाले अधिकारी थे। मेरे कार्यकाल में अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी तथा पूरे मन के साथ किया है। उक्त उद्बोधन आज कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने स्टेनो श्री दुर्गा शंकर श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त समारोह में दिए। इस दौरान सेवानिवृत्त स्टेनो श्री दुर्गा शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऐसा सहयोग मिला जैसे परिवार में मिलती है, मुझे यहां आकर परिवार की तरह महसूस हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग के अपने दायित्वों का सफल निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि कलेक्टर कार्यालय शहडोल में मैंने वर्ष 2016 से सेवाएं दी। उन्होंने कहा कि कलेक्टर कार्यालय मेरे लिए किसी मंदिर से कम नहीं था, विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मेरे कार्यकाल में मुझे अच्छा सहयोग प्रदान किया, जिससे मैंने पूरे आत्मविश्वास तथा मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन कर पाया। उन्होंने अपने शासकीय दायित्व का निर्वहन करते समय कुछ पलों को याद भी किया। उन्होंने कहा कि दायित्वों का निर्वहन करते समय मेरे अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बहुत सहयोग प्रदान किया इसके लिए मैं सभी का बहुत आभारी हूं। सेवानिवृत्त स्टेनो श्री दुर्गा शंकर श्रीवास्तव को कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन, महा प्रबंधक उद्योग श्री आर. एस. डावर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती ज्योति सिंह परस्ते, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एंटोनियो एक्का सहित अन्य अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पांडे ने किया।



# रेस्क्यू कर लाये गये दूसरे बाघ शावक की भी मृत्यु वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में नियमानुसार किया गया दाह संस्कार

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल। मध्य प्रदेश**



ट्रेन दुर्घटना में अत्यत गंभीर रूप से घायल दो बाघ शावकों को को मिडघाट रेल्वे लाइन बुधनी से रेस्क्यू कर वन विहार राष्ट्रीय उद्यान लाया गया था। दोनों बाघ शावकों का वन्यप्राणी चिकित्सक एच अन्य चिकित्सक दल द्वारा विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण एवं एक्सरे किया गया था। उसके बाद वन विहार के वन्यप्राणी चिकित्सक द्वारा विषय विशेषज्ञों से परामर्श कर उपचार किया जा रहा था। अत्यंत घायल दूसरे बाघ शावक की भी 31 जुलाई बुधवार को मृत्यु हो गई। उल्लेखनीय है कि एक बाघ शावक की 30 जुलाई को मृत्यु हो गई थी। गभीर रूप से घायल दोनों बाघ शावकों को वन्यप्राणी चिकित्सक वन विहार द्वारा विशेषज्ञों की निगरानी में उपचार किया जा रहा था। परन्तु दोनों बाघ शावकों के पिछले हिस्से में गंभीर चोट एवं कई जगह फ्रेक्चर होने के कारण उनका पिछला हिस्सा काम नहीं कर रहा था एवं बाघ शावकों द्वारा पर्याप्त मात्रा में भोजन-पानी भी नहीं लिया जा रहा था, जिससे उनकी स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा था। बेहतर उपचार के बावजूद भी दोनों बाघ शावकों को बचाया नहीं जा सका। मृत बाघ शावक का पोस्टमार्टम वन्यप्राणी चिकित्सक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान लाईफ एसओएस वन विहार एवं वाईल्डलाईफ कजर्वेशन ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पोस्टमार्टम के बाद मृत बाध शावक का वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वरिष्ठ अधिकारियों एव कर्मचारियों की उपस्थिति में नियमानुसार दाह संस्कार कर दिया गया।

# मानव तस्करी रोकने हेतु ''अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी विरोध दिवस'' पर भोपाल में हुआ कार्यशाला का आयोजन



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय मानव तस्करी विरोध दिवस पर 30 जुलाई को महिला सुरक्षा शाखा पुलिस मुख्यालय के द्वारा इंटरनेशनल जस्टिस मिशन के साथ मिलकर भोपाल में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला पुलिस बल, श्रम विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, उर्जा डेस्क प्रभारी एवं बाल कल्याण अधिकारी शामिल रहे। भोपाल कमिश्नर कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में एडीजी महिला सुरक्षा प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही, साथ ही भोपाल पुलिस कमिश्नर, एडिशनल कमिश्नर कानून-व्यवस्था एडिशनल कमिश्नर मुख्यालय एवं अपराध, डिप्टी कमिश्नर मुख्यालय एवं अपराध, सहायक पुलिस आयुक्त महिला सुरक्षा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। एडीजी महिला सुरक्षा ने अपने संबोधन में बताया कि मानव तस्करी विषय में जन जागरूकता अत्यंत आवश्यक है, नाबालिक बच्चों की तस्करी की के मामलें आए दिन सामने आते है। बड़े स्तर पर अभियान चला कर हम उन्हें न्याय दिला सकते हैं एवं तस्करी पर काफी हद अंकुश लगा सकते हैं। इस विषय पर गहन चिंतन अत्यंत आवश्यक है। साथ ही पुलिस आयुक्त द्वारा भोपाल पुलिस द्वारा मानव तस्करी विरोधी मुस्कान अभियान एवं गुम बालक बालिकाओं की तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा मानव तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु जन सामान्य में जागरूक्ता एवं सहयोग के संबंध में भी चर्चा की गई। मानव तस्करी की परिभाषा, उसके विभिन्न आयाम एवं पीड़ित वर्ग का पुनर्वास विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक रेल, उप पुलिस अधीक्षक देहात, असिस्टेंट कमिश्नर लेबर, भोपाल कमिश्नरेट से समस्त ऊर्जा डेस्क प्रभारी एवं बाल कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

# 29 जुलाई बाघों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने मनाया जाता है विश्व बाघ दिवस



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल। मध्यप्रदेश**

बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित है। इसके अलावा बाघ प्राणी खाद्य श्रृंखला तथा पर्यावरण संतुलन का महत्वपूर्ण अंग है । इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा बाघ की खाल नाखुन तथा दाँत के लिए गैरकानूनी ढंग से बाघों का शिकार किया जाता है। बाघ के शिकार करने वालों के लिए जुर्माने एवं सज़ा का प्रावधान है। विश्व बाघ दिवस प्रतिवर्ष 29 जुलाई को मनाया जाता है इसे मनाने का उद्देश्य इस शानदार बड़ी बिल्ली के बारे में जागरूकता बढ़ाना है । इस दिन की शुरुआत 2010 में हुई थी, जब 13 बाघ रेंज वाले देश ञ्ज×2 बनाने के लिए एक साथ आए थे जिनका वैश्विक लक्ष्य जंगली बाघों की संख्या को दोगुना करना था। दुनिया भर के ङ्क्षङ्क्षस्न कार्यालय, संगठन, मशहूर हस्तियां, सरकारी अधिकारी, परिवार, मित्र और व्यक्ति अभियान के समर्थन में एक साथ आए जिससे बाघों की श्रेणी वाले देशों को पता चला कि बाघ संरक्षण प्रयासों और ञ्ज×2 लक्ष्य के लिए दुनिया भर से समर्थन मिल रहा है। इसलिए हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि बाघों के संरक्षण को बढ़ावा दें, उनके प्राकृतिक आवासों की रक्षा करें तथा पर्यावरण संतुलन की दिशा में सदैव कार्य करते रहें। सभी जानते हैं कि मध्यप्रदेश %टाइगर स्टेट% अर्थात भारत के अधिकांश बाघों का घर है। मध्यप्रदेश ने अपनी इस उपलब्धि से इको टूरिज्म की ओर तेजी से कदम बढ़ाए हैं।



# वर्ग 1 चयन परीक्षा 2023 वेटिंग अभ्यर्थी 9 अगस्त को दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

**संवाददाता लखन मलैया भोपाल**

बेरोजगार वेटिंग अभ्यर्थी संघ के द्वारा अपील की गई की समस्त वेटिंग अभ्यर्थियों को सूचित किया गया की दिल्ली में प्रर्दशन हेतू अधिक संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित हो अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझ कर जरूर यह काम करें मध्य प्रदेश सरकार को पता चल सके की वर्ग एक चयन परीक्षा 2023 के समस्त वेटिंग अभ्यर्थी अपनी न्याय संगत मांगों को लेकर दिल्ली कूच कर रहे हैं बेरोजगार अभ्यर्थियों के द्वारा सरकार से मांग की जा रही है कि वह जल्द से जल्द वर्ग एक के चयन परीक्षा में वेटिंग अभ्यर्थियों की नियुक्ति जल्द से जल्द करें

**बेरोजगार वेटिंग अभ्यर्थी संघ**

# आयुष मंत्री द्वारा मंत्रालय में आयुष विभाग की बैठक ली गई बैठक में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल । मध्यप्रदेश**



आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने सोमवार को मंत्रालय में आयुष विभाग की बैठक लेकर विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के ध्येय की पूर्ति के लिए आयुष पद्धतियों में शोध एवं अनुसंधान पर व्यापक कार्ययोजना के साथ क्रियान्वयन हो। परमार ने कहा कि अकादमिक, शैक्षणिक एवं शोध कार्यों के लिए प्रकोष्ठ बनाकर क्रियान्वयन किया जाए।परमार ने विभिन्न बिंदुगत विषयों पर व्यापक चर्चा कर आवश्यक सभी कार्यों का तीव्रगामी क्रियान्वयन करने को कहा।परमार ने आयुष महाविद्यालयों की मान्यताओं के नवीन एवं नवीनीकरण के लिए व्यापक ऑनलाइन पारदर्शी पद्धति विकसित करने को कहा।परमार ने कहा कि अकादमिक, शैक्षणिक एवं शोध कार्यों के लिए प्रकोष्ठ बनाकर क्रियान्वयन किया जाए।आयुष मंत्री ने नवीन आयुर्वेद महाविद्यालय खोले जाने के लिए भूमि, औषधालय, अधोसंरचना एवं पदों के सृजन आदि की स्थिति और विभिन्न औषधालयों,महाविद्यालयों आदि स्थलों में विभिन्न निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। आयुष मंत्री ने नवीन निजी आयुष महाविद्यालयों के प्रस्तावों की स्थिति, लोकसेवा आयोग के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति, आयुष क्लिनिक रजिस्ट्रेशन, पेटेंट एवं यूनानी पाठ्यक्रम को हिंदी में अध्ययन प्रारम्भ सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में प्रमुख सचिव आयुष ,आयुक्त आयुष एवं अपर सचिव आयुष सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

## कविता शीर्षक- न्याय चाहिए !?

क्या लगता है आपको...
न्याय आसानी से प्राप्त हो जायेगा!
क्या लगता है आपको...
थाल में सजाकर परोस दिया जायेगा!
नहीं...ऐसी हवाई उम्मीदें बेकार !
न्याय चाहिए...मिलेगा!
बस तुम जरा उठो,
कदमों को मजबूत बना,
संघर्ष का पथ चुनो!
इंसाफ की लड़ाई ही...
न्याय की मंजिल तक ले जायेगी!
इंसाफ और सत्य...
होते आग की भांति!
चाहे जितना झूठ की डालें चादर,
दबाने की करें कोशिशें लाख!
संघर्ष की अग्नि में तपेगा...
इंसाफ और सत्य!
अंगारा जब बन जायेगा...
हां, तब होगा न्याय प्राप्त!
निकलेगा सब कुछ ध्वस्त करके...
अंततः आ ही जायेगा समक्ष !!

**कु.प्रियंका**
**सामाजिक विचारक कार्यकर्ता**
**एवं**
**रिसर्च स्कॉलर (भौतिकी)**

## आज का विचार -



इंसान अपनी आदतों से..
बनता और बिगड़ता है!
गलत आदतें इंसान को..
दिशाहीन बनाती हैं,
जबकि नैतिकता युक्त अच्छी आदतें..
सही दिशा की ओर ले जाती हैं,
तथा...सही दिशा व नेक राह ही...
इंसान में उत्तम् गुणों का,
विकास करते हैं...तब
निर्मित होता है एक उत्तम अमिट व्यक्तित्व!!

**कु. प्रियंका**
**सामाजिक विचारक कार्यकर्ता**
**एवं**
**रिसर्च स्कॉलर (भौतिकी)**

# एसडीएम श्री रामबाबू देवांगन ने अमरपुर में लोकसेवा केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और उप तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

**डिंडौरी।** डिंडौरी एसडीएम रामबाबू देवांगन ने लोकसेवा केंद्र अमरपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक सेवा केंद्र में पेयजल व्यवस्था, कंप्यूटर संचालन, हितग्राहियों को दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एसडीएम श्री देवांगन ने अमरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया, उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध दवाइयों, बेड की स्थिति, ओपीडी की स्थिति की जानकारी ली। बारिश के मौसम में प्रसारित रोगों को रोकने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम श्री देवांगन ने अमरपुर उप तहसील का निरीक्षण कर राजस्व कार्यों की समीक्षा की और लंबित कार्यों को समय पर पूर्ण करने के आवश्यक निर्देश दिए। अमरपुर में ही एसडीएम श्री देवांगन ने सक्का कचनारी ग्राम में आयोजित ई-केवाईसी कैंप में भी शामिल हुए।



# साप्ताहिक बाजार करने आ रहे ग्रामीणों से भरा पिकप वाहन अनियंत्रित होकर मार्ग किनारे पलटा।



**डिंडौरी।** जिले के बजाग विकासखंड अंतर्गत ग्राम खपरी पानी से यात्रियों को भरकर ला रहें पिकप वाहन के मार्ग किनारे अनियंत्रित होकर पलट जाने से दर्जनों लोग घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए बजाग के सरकारी अस्पताल लाया गया हैं गौरतलब हैं कि घटना के समय पिकप में लगभग आधा सैकड़ा लोग सवार थे जो बजाग मुख्यालय में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में दैनिक उपयोग व आवश्यक वस्तुओं की खरीदी करने आ रहे थे। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे बजाग की पुलिस ने बचाव कार्य शुरू करते हुए यहां वहां फंसे घायल ग्रामीणों को बाहर निकाला हैं बताया जा रहा कि घटना के बाद से वाहन चालक फरार है।

## आटो पलटने से दस घायल, एक की मौत





**डिंडौरी।** जिले के गाड़ासरई थाना अंतर्गत बुधवार को ग्राम कोसमडीह के समीप अनियंत्रित होकर ऑटो पलट जाने से उसमें सवार दस लोग घायल हो गए। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी में बताया गया कि ऑटो मे सवार सभी मजदूर जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक दो के निवासी हैं। एक मजदूर ने बताया कि पिछले तीन दिन से ऑटो में सवार होकर वे जनपद बजाग अंतर्गत ग्राम बच्छरगांव धान की निदाई करने जा रहे हैं। बुधवार की सुबह भी ऑटो में बैठकर वे बच्छरगांव जा रहे थे। सुबह लगभग साढे दस बजे के आसपास ग्राम कोसमडीह के पास मोड़ ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया और कुछ दूर तक सड़क में घिसट गया। बताया गया कि जिला मुख्यालय निवासी शंकर सिंह बघेल ग्राम बच्छरगांव में अपनी पैतृक जमीन में धान की फसल की निदाई कराने पिछले तीन दिन से ऑटो से मजदूरों को साथ लेकर जा रहे हैं। बुधवार को वे भी अपनी पत्नी के साथ ऑटो में बैठकर बच्छरगांव जा रहे थे। दुर्घटना में वह और उनकी पत्नी भी घायल हुए हैं। अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के अनुसार हादसे में मजदूर अनुसुइया बाई उम्र 60 वर्ष की मौत इलाज के दौरान हुई है। बताया गया कि घायलों में बुद्धि बाई, छवि लाल, सुमंत्रा, क्रांति बाई, रंजवती, सुकमत बाई, बघेली बाई, बलराम शामिल है।

# श्री नारायण सिंह केसरी जन्म शताब्दी समारोह समिति की राज्य स्तरीय बैठक सम्पन्न

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में श्री नारायण सिंह केसरी जन्म शताब्दी समारोह समिति की बैठक विधायक विश्राम गृह खण्ड 2 में माननीय श्री नारायण सिंह केसरी जी पूर्व सांसद राज्यसभा एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के मुख्य अतिथि में बैठक की गई। जिसमें सर्व सम्मति से मुख्य रुप से जो निर्णय लिए गयें वह इस प्रकार से है - 8 अगस्त 2024 की जगह अब 1 अक्टूबर 2024 को भारत के पूर्व महामहिम राष्ट्रपति महोदय माननीय श्री रामनाथ कोविंद जी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रदेश स्तरीय अनुसूचित जाति वर्ग की प्रमुख मांग और मुदों को लेकर कार्यक्रम विराट स्वरूप में तय किया। समारोह में वरिष्ठ व्यक्तिओं व श्रेष्ठ समाजसेवीओं का सम्मान करना। पत्रिका का प्रकाशन कर विमोचन करवाना। प्रदेश के अनुसूचित वर्ग की समस्याओं का सरकार से समाधान करवाना। श्री नारायण सिंह केसरी पुरस्कार व पार्क शासन से बनवाने सहित केसरी भवन धानुक समाज का एवं प्रदेश के महानगरों में अनुसूचित जाति वर्ग के 500/ 500 छात्र व छात्राओं का छात्रावास स्थापित करने की मांग। बैठक के संयोजक इं. श्री आर. डी. सुमन ने अपने उद्बोधन देते हुए सभी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों व अनुसूचित जाति वर्ग के वरिष्ठ लोगों को मध्यप्रदेश के अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के पौता श्री मूलचन्द मेधोनिया का परिचय कराते हुए बताया कि हमारे वर्ग के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जो कि सन् 1942 के आजादी के आंदोलन में अंग्रेजों से युद्ध कर उनकी यातनाओं से शहीद हुए। जिन्हें पूर्ववर्ती सरकार ने सम्मानित नहीं किया। जिनका आयोजन में प्रमुख रूप से मांग की जायेगी। अहिरवार समाज संघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संगीता गोलिया ने बैठक में अपनी बात रखते हुये सुझाव दिया कि अनुसूचित जाति वर्ग के महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी को समारोह के मुख्य अतिथि एवं शासन के माननीय मंत्री गणों से वीर मनीराम जी की यादगार में मूर्ति, भवन की घोषणा की जाये। तथा शहीद परिवार गौरव पुरस्कार से उनके उत्तराधिकारी मूलचन्द जी को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित करवाया जाये। बैठक में रविदसिया धर्म संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री माधव सिंह अहिरवार, संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की वाणी प्रचारक श्री राधाकिशन दास महाराज जी, एअहिरवार समाज संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश अहिरवार एवं सर्व श्री रवि मंदेले, नीलेश कुमार बंसल, राजेन्द्र सिंह सूर्यवंशी, आर आर बंसल पूर्व डीएसपी, घनश्याम पिरोनिया पूर्व विधायक, सुनील देसाई, भूपेन्द्र सिंह केसरी, हरगोबिन्द कीर, रणजीत सिंह केसरी, कृष्ण कांत जरिया, रवि मंदेले, रविन्द्र देसाई, प्रशांत सिकरवार, शंकर शर्मा, डालचन्द बरदेले, के पी टिकले, संजय पिपरिया, रामस्वरूप अहिरवार एडवोकेट, गंगाराम घोसरे , भरत सिसोदिया, गणेश प्रसाद, हीरालाल जसेले, इं विनोद कुमार, मूलचन्द विधायक प्रतिनिधि, रमेशं कुमार टिकले, जीवन सिंह इत्यादि सामाजिक सरोकारों ने अपना परिचय दिया और अपने अपने सुझाव पेश कर सभी मांगों को आयोजन अवसर पर ही मंच से ही घोषणा कर स्वीकृति प्रदान कराने का निर्णय लेकिन इतिहासिक कार्यक्रम करने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में बैठक के मुख्य अतिथि माननीय श्री केसरी जी ने अपने विस्तार पूर्वक उद्बोधन देते हुए सभी को आशवस्त किया कि सभी मांगों को मंच से ही घोषणा करवाई जायेगी। तथा उनहोंने कहा कि सम्मेलन का सभी लोग अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें अपनी जिम्मेदारी तय करें ताकि कार्यक्रम भव्य बनें। इन्होंने कहा कि यदि आयोजकों द्वारा अच्छी तैयारी की जाती है तो मेरा पूरा प्रयास होगा कि भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को भी कार्यक्रम में आमंत्रित कर बुला कर प्रदेश की सभी मांगों को हल करा कर स्वीकृति प्रदान कराई जा सकती है। सहमति से आगामी 24 अगस्त माह को पुनः भोपाल में बैठक आयोजित करने एवं सभी संभागों में कार्यक्रम की तैयार व प्रचार हेतु बैठक की जायेगी। अंत में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माननीय श्री प्रभात झा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।






## लेखक का मन

लेखक का मन साथियों
कोरा पन्ना होता है ।
वक्त और हालात देख वह
शब्दों के बीज बोता है ।

अन्याय अत्याचार को
लेखक नहीं छुपाता है,
सच्ची इबारत लिख कर
लेखक सच बतलाता है,
सच गर देखा जाए तो
लेखक कभी ना सोता है
वक्त और हालात देख वह
शब्दों के बीज बोता है।

अपराध करने वाला
राजा हो या रंक
लेखक,लेखन से अपने
मार देता है डंक,
सच को लिखने के कारण
बहुत कुछ वह खोता है,
वक्त और हालात देख वह
शब्दों के बीज बोता है।

शासन को कर्तव्य के प्रति
लेखक सजग करता है,
आए कोई मुसीबत फिर
भी
वह सहज ही रहता है,
लेखक गलत लिखे अगर
जीवनभर वह रोता है,
लेखक का मन साथियों
कोरा पन्ना होता है,
वक्त और हालात देख वह
शब्दों के बीज बोता है।

**हरीश पांडल**
**छत्तीसगढ़**

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)